दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 284 मुरादाबाद 10 February 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## हिजाब मामले में ओवैसी बोले- संसद में टोपी पहन सकते हैं तो कॉलेज में इस्लामी ड्रेस क्यों नहीं



कर्नाटक के कॉलेज में हिजाब को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। इस मामले में AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भाजपा लोगों को भड़काने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर संसद में टोपी पहनी जा सकती है तो स्कूल कॉलेज में हिजाब पहनने में क्या आपत्ति है। ओवैसी ने कहा, 'मैं अपने संविधान की बात कर रहा हूं। मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बात कर रहा हूं। अगर हम टोपी पहनकर संसद जा सकते हैं तो एक लड़की हिजाब पहनकर कॉलेज क्यों नहीं जा सकती। 2014, 2017 और 2019 में भाजपा ने इसी दम पर जीत हासिल की है। कट्टरवाद कहां से आ रहा है? तथाकथित सेक्युलर पार्टियों ने भी अपने आंख कान बंद कर लिए हैं।' बता दें कि कर्नाटक में उडुपी के एक कॉलेज में छह लड़कियों के क्लास में घुसने से इसलिए रोक दिया गया था क्योंकि उन्होंने कॉलेज का यूनीफॉर्म नहीं पहना था बल्कि हिजाब पहन रखा था। इसके बाद लड़कियां धरने पर बैठ गईं। कॉलेज के न मानने पर वे हाई कोर्ट पहुंच गईं। कल इस मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने कहा था कि किसी की निजी मान्यताओं से ज्यादा जरूरी संविधान और कानून है। कर्नाटक के कई कॉलेजों में इस विवाद ने तूल पकड़ लिया है। उडुपी के कॉलेज में इसी बात को लेकर नारेबाजी भी हुई। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने छात्रों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने राज्य में तीन दिन के लिए स्कूल और कॉलेज बंद करने का ऐलान कर दिया है।

## यूपी में वोटिंग से पहले CM योगी का 'विजय सुनिश्चित' वाला ट्वीट, पीएम मोदी संग नई तस्वीर



उत्तर प्रदेश में पहले फेज की वोटिंग से ठीक पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ नई तस्वीर पोस्ट करते हुए जीत की हुंकार भरी है। सीएम योगी ने इस पोस्ट में कहा है कि पीड़ित और शोषितों का दुख मिटाना है और राष्ट्रधर्म पर सीना ताने खड़े हैं। उन्होंने यह भी लिखा है कि जो लगातार श्रम करते हैं उनकी जीत सुनिश्चित होती है। योगी ने लिखा, "पीएम के संग नई तस्वीर दिखा बोले योगी आदित्यनाथ पीड़ित, शोषित, दु:खित बान्धवों के हमको हैं कष्ट मिटाने, डटे हुए हैं राष्ट्रधर्म पर सीना ताने..., कदम निरंतर चलते जिनके, श्रम जिनका अविराम है। विजय सुनिश्चित होती उनकी, घोषित यह परिणाम है॥" उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत गुरुवार को राज्य के 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में जिन जिलों में मतदान होगा वे सभी प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक होगा। इस चरण में शामली, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिलों में मतदान होगा। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार का काम मंगलवार शाम 5 बजे बंद हो गया। पहले चरण के चुनाव में कुल 623 उम्मीदवार मैदान में हैं और इस चरण में 2.27 करोड़ मतदाता हैं।

### दांव पर इन मंत्रियों की प्रतिष्ठा

पहले चरण का चुनाव जाट बहुल क्षेत्र में होगा। इस चरण में प्रदेश सरकार के मंत्री श्रीकांत शर्मा, सुरेश राणा, संदीप सिंह, कपिल देव अग्रवाल, अतुल गर्ग और चौधरी लक्ष्मी नारायण के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वर्ष 2017 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले चरण की 58 में से 53 सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी( बसपा) को दो-दो सीटें मिली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का भी एक प्रत्याशी जीता था।

WWW.KNLSLIVE.COM

## मायावती ने राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र को बताया हवा-हवाई, कहा- सिर्फ बसपा ला सकती परिवर्तन




उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य दलों ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी पार्टियों के घोषणा पत्र को हवा-हवाई और पाखंड बताया है। उन्होंने कहा कि केवल बसपा ही यूपी को गड्ढा, हिंसा, दंगा मुक्त बना सकती है और राज्य में रोजगार और विकास युक्त भरोसेमंद सरकार दे सकती है। दरअसल, बसपा प्रमुख मायावती ने एक बयान जारी कर कहा कि एक बार फिर राज्य के लोगों को हवा-हवाई बातों, वादों से ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते बदहाल जनता जनविरोधी सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार है। मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को ध्यान रहे कि केवल बसपा ही राज्य को गड्ढा, हिंसा और दंगा मुक्त बना सकती है। राज्य में रोजगार और विकास युक्त भरोसेमंद सरकार दे सकती है। मायावती ने कहा कि राज्य में बसपा की सरकार का बनना एक सुखद परिवर्तन होगा। राज्य की जनता जीने के लिए हर दिन जितना तनाव, दुख दर्द झेल रही है वो अभूतपूर्ण है। मायावती ने अपने बयान में आगे कहा कि राज्य में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते जातिवाद, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई के कारण लोगों को पलायन करना पड़ रहा है। लोग परेशान हैं। भाजपा को यूपी में अपनी सत्ता जाते दिख रही है। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज के लोगों को सर्वजन हियात व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर चलने वाली उनकी आजमाई बसपा पर ही ज्यादा भरोसा दिख रहा है कि वही उनके अच्छे दिन लाने में मददगार साबित हो सकती है।

## अखिलेश ने चुकाया कांग्रेस के एहसान का बदला, प्रमोद तिवारी की बेटी मोना को दिया वॉकओवर



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह ने रामपुर खास सीट पर अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। इसे लेकर चर्चा है कि दोनों पार्टियों ने कांग्रेस प्रत्याशी को वॉकओवर दे दिया है। गौरतलब है कि इसके पहले कांग्रेस ने करहल और जसवंत नगर विधानसभा सीटों के लिए अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला लिया था। रामपुर खास से कांग्रेस की उम्मीदवार आराधना मिश्रा मोना के पिता प्रमोद तिवारी समाजवादी पार्टी के सहयोग से ही राज्यसभा सांसद चुने गए थे। इससे इस बात को मजबूती मिल रही थी कि विधानसभा चुनाव में सपा यह सीट कांग्रेस प्रत्याशी के लिए छोड़ देगी। अंततः अखिलेश यादव ने इसका निर्णय ले लिया। इसी तरह कुछ महीने पहले सम्पन्न हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की प्रत्याशी को पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने अपना खुला समर्थन दिया था। ऐसे में इस चुनाव में जनसत्ता दल ने भी रामपुर खास में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। हालांकि सपा व जनसत्ता दल के पदाधिकारी इस सवाल पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं लेकिन राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज है। सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर ने कहा कि रामपुर खास से टिकट के लिए आवेदन हुए थे। वहां प्रत्याशी क्यों नहीं उतारा गया वह इस बाबत कुछ नहीं बता सकेंगे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# उधम सिंह नगर

www.knlslive.com

10 February 2022



**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## चुनाव आयोग के नोटिस पर भाजपा का जवाब,हरीश रावत-कांग्रेस को लपेटा



भाजपा ने हरीश रावत पर किए गए विवादित ट्वीट पर निर्वाचन आयोग के नोटिस के जवाब में कांग्रेस और हरीश रावत को ही लपेट दिया है। भाजपा ने कहा है कि उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष के बयान को ही सामने रखा था, यह बयान अपने आप में मतदाताओं को लुभाने की श्रेणी में आता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गए लिखित जवाब में कहा गया है कि पार्टी आयोग के नोटिस के बाद, उक्त ट्वीट को हटा चुकी है। साथ ही इसे आगे प्रसारित नहीं होने देने का भी प्रयास कर रही है। पार्टी ने दावा किया है कि भाजपा का मकसद किसी भी तरह से दो समुदायों के बीच कटुता पैदा करना नहीं था। पार्टी ने तो सिर्फ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अकील अहमद के बयान को ही सामने रखा है। अकील ने सार्वजनिक तौर पर यह बयान दिया कि वो यूनिवर्सिटी बनाने को लेकर पूर्व सीएम से मिले आश्वासन के बाद ही चुनाव से हटे हैं। इस तरह हरीश रावत का यह बयान ही अपने आप में धार्मिक आधार पर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास है। साथ ही यह बयान मदताओं को प्रलोभन देने की श्रेणी में भी आता है। भाजपा ने अपने जवाब में अकील के बयान का वीडियो लिंक भी दिया है। भाजपा ने कहा है कि उन्होंने हरीश रावत की तुलना, सर सैयद अहमद खां से की थी, यदि कांग्रेस इससे सहमत नहीं है तो वो ऐसी हस्तियों के योगदान पर अपना नजरिया स्पष्ट करे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## पीएम नरेंद्र मोदी उत्तराखंड में फिर भरेंगे चुनावी हुंकार,आज श्रीनगर में रैली;कई जिलों की पहुंची पुलिस



पीएम नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के श्रीनगर में एक बार फिर चुनावी हुंकार भरेंगे। गुरुवार 10 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस सभा में श्रीनगर, पौड़ी, चौबट्टाखाल, रुद्रप्रयाग, केदारनाथ, कर्णप्रयाग, थराली, बदरीनाथ, देवप्रयाग के पार्टी प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे, जबकि यमकेश्वर, कोटद्वार लैंसडौन, रामनगर और नरेंद्रनगर के प्रत्याशी वर्चुअल शामिल होंगे। भाजपा ने मोदी की रैली वर्चुअल सुनने के लिए भी उक्त विधानसभा क्षेत्रों के कई स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई हैं। अगले दिन मोदी अल्मोड़ा और 12 फरवरी को रुद्रपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस रैली के जरिए भाजपा गढ़वाल की सीटों पर फोकस करेगी। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए एनआईटी मैदान में होने वाली रैली को लेकर बुधवार को प्रशासन की ओर से सुरक्षा का जायजा लिया गया। कई जिलों की पुलिस व अन्य सुरक्षा कर्मी श्रीनगर पहुंच गए हैं। मोदी का करीब दोपहर बारह बजे श्रीनगर पहुंचने का कार्यक्रम तय है। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। पांच साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में हुई मोदी की रैली का असर विभिन्न विधानसभाओं पर स्पष्ट रूप से देखा गया था। जिससे भाजपा के कई प्रत्याशियों को विजय भी हासिल हुई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव से ठीक तीन दिन पहले मोदी की रैली होने से भाजपा को कई सीटों पर संजीवनी मिलने की उम्मीद है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। कहा रैली को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि कई विधानसभाओं में वर्चुअल रूप से प्रसारण होगा। विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में तीन चुनावी जनसभाएं करेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में इन रैलियों का कार्यक्रम तय किया गया है। भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य में तीन रैलियां तय कर दी गई हैं।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की पहली रैली 10 फरवरी को श्रीनगर में आयोजित होगी। पिछले विधानसभा चुनाव में भी मोदी ने श्रीनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया था। इस रैली के जरिए भाजपा गढ़वाल की सीटों पर फोकस करेगी। चौहान ने बताया कि इसके अलावा 11 फरवरी को प्रधानमंत्री अल्मोड़ा और 12 फरवरी को रुद्रपुर में रैली करेंगे। प्रधानमंत्री की रैलियों को लेकर पार्टी पिछले कई दिनों से कसरत चल रही थी। इसके बाद अब कार्यक्रम तय कर दिया गया है। विदित है कि इस बार के विधानसभा चुनावों में कोविड गाइडलाइन की वजह से रैलियों पर रोक लग गई थी। लेकिन अब इसमें कुछ छूट दे दी गई है। इसके बाद भाजपा ने प्रधानमंत्री की तीन रैलियां तय कर दी हैं।

WWW.KNLSLIVE.COM

## केदारनाथ की पवित्र भूमि में कांग्रेस की बात करना ठीक नहीं:भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि देवभूमि और वीरभूमि में आने का मौका मिला है। यहां देवताओं का वास है। यहां हर घर से वीर सपूत जन्म लेते हैं। यह क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंसदीदा क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखते हैं। जबकि कांग्रेस परिवादवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की राजनीति करती है। उनके पास कोई उपलब्धि नहीं होती है। नड्डा ने कहा कि केदारनाथ की पवित्र भूमि पर कांग्रेस के कारनामों की बात करना उचित नहीं होगा। कहा कि कांग्रेस अब भाई बहन की पार्टी रह गई है। इसमें कार्यकर्ता नहीं है। धीरे-धीरे कांग्रेस पूरी तरह साफ हो जाएगी। कहा कि कांग्रेस ने रामजन्म भूमि को लटकाने का काम किया है। मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाया है, आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा। केदारपुरी में भव्य काम हुए हैं। देश की रक्षा, संस्कृति की रक्षा, भाजपा ही करती है। मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेते हुए कार्य किए हैं। इसी रिपोर्ट कार्ड पर भाजपा जनता से वोट मांग रही है। अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सबका साथ और सबका विकास करती है। गरीब और पिछड़ों के विकास के लिए भाजपा कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई गांव ऐसा नहीं है, जहां केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने शौचालय नहीं दिए हैं। मोदी ने पूरे देश में सबको शौचालय दिए हैं। उज्जवला योजना भी मोदी सरकार ने दी है। 10 करोड़ लोगों को इस योजना से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता के हित में आयुष्मान योजना, शोभाग्य योजना लागू की हैं। जिनका लाभ जनता को मिल रहा है। कहा कि केदारनाथ विधानसभा मोदी का पंसदीदा क्षेत्र है। उन्होंने केदारनाथ के विकास के लिए 260 करोड़ रुपए दिए। केदारनाथ आपदा में कांग्रेस ने घोटाले किए जबकि नरेंद्र मोदी ने इसे संवारा है। ऑल वेदर रोड मोदी सरकार की देन है। 12 हज़ार करोड़ इस पर खर्च हो रहे हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन यहां के विकास को तेज गति देगी। उत्तराखंड के हर घर से देश का प्रहरी है और अब यहां सैन्य धाम बन रहा है। वन रैंक वन पेंशन भी मोदी सरकार ने जारी की। कांग्रेस देश को बेचना चाहती थी, किंतु भाजपा ने देश को बेचने से बचा लिया। कहा कि आज भारत की सेना चीन के सामने मौजूद है। हर क्षेत्र को सड़क से जोड़ा गया है। एक साल में 25 हज़ार किमी सड़क बन रही है। हर घर को नल और जल से जोड़ा गया है। सभी को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगला दशक उत्तराखंड का दशक होगा। इस बात को स्वयं मोदी भी कह चुके हैं। कहा कि यदि केदारनाथ का विकास करना है तो यहां से भाजपा की प्रत्याशी शैलारानी रावत को जिताना होगा। इससे पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्र की रक्षा कर रही है और कांग्रेस देवभूमि की मर्यादा धूमिल करने का काम कर रही है। यहां ऐसे लोग हैं जो यहां मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने का सपना देख रहे हैं। ऐसी सोच रखने वाले लोगों को जनता सबक सिखाएगी।

### उपलब्धियां गिनाईं

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केदारनाथ पुनर्निर्माण को भाजपा की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने केदारनाथ के विकास के लिए चार सौ अस्सी करोड़ से अधिक रूपये खर्च किए हैं। चार धाम को जोड़ने के लिए 12 हजार करोड़ रुपये से बन रही सड़क, पर्वतमाला प्राजेक्ट के तहत भी उत्तराखंड में बनने वाले रोपवे यहां पर्यटन विकास और सैना के लिए सुविधाओं की नई इबारत लिखने को तैयार हैं।वीर प्रसूता भूमि के सम्मान के लिए मोदी सरकार उत्तराखण्ड में सैन्य धाम बना रही है। फौजी भाइयों के लिए वन रैंक वन पेंशन के तहत वीरभूमि उत्तराखण्ड के एक लाख सोलहर हजार फौजियों को हमने लाभ पहुंचाया है। देवभूमि को आपदाओं से बचाने के लिए तीन राडर लगाये गये है। केदारनाथ पीएम मोदी का क्षेत्र है, मोदी जी इस इलाके से प्यार करते है, मोदी ने कहा है कि अगला दशक उत्तराखण्ड का होगा।

### हल्की बारिश में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे

अगस्त्यमुनि में हल्की बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। जनसभा के दौरान और समापन के बाद भी कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश देखा गया है। महिला, बुर्जुग, युवा कार्यकर्ताओं ने जेपी नड्डा का जोरदार स्वागत किया। मंच पर पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में बड़ी माला पहनाई।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस , द्वारा चलाया सघन चेकिंग अभियान



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर पर की वाहनों की चेकिंग। विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी के चलते कोतवाली पुलिस ने यूपी उत्तराखंड बॉडर पर वे तिकोनिया चेक पोस्टर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही लोगों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने और कोरोना की गाइड लाइनों का पालन करने की अपील की ।बुधवार को उच्च आल्हा अधिकारियों के आदेश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने तिकोनिया चेक पोस्ट व उत्तरप्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों , की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन ना करने के ऑनलाइन चालान भी काटे और साथ ही पुलिस ने लोगों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने और कोरोना से बचाओ के लिए सजग रहने की अपील की। दरोगा फूल कूबर , अमित त्यागी मजिस्ट्रेट , कॉस्टेबल दीपक कुमार , गोरव कुमार , , अंकुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# हर्बल पार्क नया मुरादाबाद मे प्रकृति सेवा ने पौधारोपण कर मनाई नैपाल सिंह जी की शादी 11 वी वर्षगांठ



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- मुरादाबाद मे प्रकृति सेवा समिति के तत्वावधान में समिति की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल और प्रकृति सेवा समिति के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल की वैवाहिक जीवन की 11 वीं वर्षगाँठ के, इस अवसर पर हर्बल पार्क नया मुरादाबाद में 11 पौधों ( 2 पौधे पलाश/ढाक और 9 नीम प्राकृतिक औषधालय ) का पौधरक्षण की भावना से किया गया। हर्बल पार्क में पौधरोपण के समय प्रकृति सेवा समिति की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल, संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल, उपाध्यक्ष यशपालसिंह, निशा पाल, हरवेंद्र सिंह, गायत्री पाल, बाल प्रकृतिप्रेमी यवन पाल, बाल प्रकृतिप्रेमी गुंजिता पाल, याशमीन, शाहरुख व संजयसिंह आदि उपस्थित रहे। अपनी वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ के अवसर पर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि हम सभी को पौधरोपण के लिए अवसर तलाशने चाहिए। हम सभी को प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के सहभागी बनना चाहिए। हरे पेड़ पौधे हैं तो जीवन है क्योंकि हरे पेड़ पौधे ही प्रकृति में ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हैं। अपने जीवन में वृक्ष जरुर लगाएं अपना जीवन हरा भरा संकल्प बनाएं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विधानसभा 26 ठाकुरद्वारा से कांग्रेस प्रत्याशी सलमा आगा ने घर घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- जहां। मिल रहा है जन समर्थन ग्राम रामू वाला गणेश नत्नू वाला गधेड़ा आलम सरकडा परहमपुर माफी जहांगीरपुर हसुपुरा शयोदासपुर तुमरिया कला नवादा अकबरपुर आदि गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान श्री सलमा आएगा जीने सभी ग्राम वासियों हाथ जोड़कर भारी तादाद में कांग्रेस पार्टी को बोर्ड करने की की अपील श्री सलमा जी ने कहां हमने अपने पूर्व पालिका अध्यक्ष रहने पर भी इस जनता का साथ नहीं छोड़ा चाहे हमें कुछ भी करना पड़ा हम आज भी बेसहारा असहाय दबे कुचले वर्ग की जनता से प्यार करते हैं व मजदूर किसान दबे कुचले वर्ग के हमेशा हम हितेषी रहे हैं रहेंगे हम हमेशा सदैव तत्पर इस जनता के लिए यूं ही खड़े रहेंगे आने वाले समय मैं जनता ने हमें चुना हम हमेशा जनता के साथ और भाई बहन पिता बच्चे के साथ काने से कान्हा मिलाकर यूंही साथ चलते रहेंगे इस दौरान साथ में रहे शेख मुशाहिद चौधरी सदस्य पीसीसी एवं उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरीफ आजाद अंसारी शमीम चौधरी मुजम्मिल हुसैन इस्तकार कुरेशी ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी जाकिर हुसैन वसीम अध्यक्ष ठाकुरद्वारा सादिक सिद्दीकी नगर अध्यक्ष जहांगीर कुरेशी पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी यासीन कुरेशी इंतजार कुरेशी संजीव सिंहल नाजिम गांधी मोइन कुरैशी डॉक्टर एम एस रजा समीना बेगम इकबाल हाफिज नईम उल हसन साफेश खान नदीम सिद्दीकी पार्षद सैयदा वसीम बेगम इंतजार आदि लोग उपस्थित रहे

# ठाकुरद्वारा 26 विधानसभा के जनप्रिय विधायक प्रत्याशी अजय प्रताप, क्षेत्र के दौरे पर



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- युवा शिक्षित कर्मठ अजय प्रताप प्रत्याशी ने आज दिनांक 09फरवरी 2022 को क्षेत्रके शरीफ नगर, शाहबाजपुर कला, राजपुर कला, पानूवाला शेरपुर पट्टी, पाडला, मधुपुरी, पीपली अहीर, पीपली घनश्याम, मुंडिया, रामूवाला, शेखू लालपुर, गौंसाई ,सादक वाली, मड़ैया ,कुआं खेड़ा, मुनीमपुर, मदारपुर, दारापुर, विजय रामपुर, विजय रामपुर मढैया, करना वाला जब्दी, आदि अनेकों गांव पहुंच कर जन संपर्क साधा कोविड-19 एवं आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान किया जहां जनता का असीम उत्साह और प्रेम उन्हें प्राप्त हुआ और लोगों बड़ी तादाद में उन्हें ने फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया उन्होंने देश और प्रदेश की एकता और अखंडता के लिए जनता से भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाकर उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सिर्फ नारा नहीं वल्कि देश हर नागरिक और प्रदेश के 130 करोड़ भारतवासियों के लिए उनकी रक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य रोजगार के लिए लिया गया एक दृढ़ संकल्प है जो उत्तर प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार के द्वारा ही संभव होगा भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी सभी योजनाओं में सबको मान समान रूप से लाभ पहुंचाया है इस दौरान ब्लाक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी और राकेश चौहान जी मोर्चा जुगल किशोर नागेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना जी बृजेश सिरोही जी रोहतास सिंह अभिषेक वर्मा ग्राम प्रधान मोहित कुमार ,राकेश कुमार, महिपाल सिंह ,शिशुपाल, प्रीतम सिंह ,सुरेंद्र कुमार, पवन कुमार ,सहित अनेकों ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक


क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Election year deal

There can be many different views of Himachal, but there are two clear divisions. One is that Himachal keeps counting the wounds by laying all the beds of ointment collected by them for the government employees, secondly it is also a state where the picture is seen rising in personal ability, but the policies of the government in accepting it today Shy too. The issue is of the eyes of the public and private sector, where there is noor on one side and fitoor on the other.In one eye there is light to see far and in the other eye there is cataract. Surprisingly, even for the treatment of cataract of the government eye, sometimes the operation of the eye of the private sector is done. This cataract is seeing many struggles of the employees nowadays, not mascara in the government eye. The election year, it seems, has now become a year of bargaining with the government. Everywhere some government class is adamant and thus the decisions of the government have started becoming secondary. From February 10, doctors will leave their pens and make a silent movement.On the other hand, the United Employees Federation is intent on making a series of demonstrations from February 20. In such a situation, if you touch any employee, only the mathematics of salary and allowances will be going on in his mind or his character will be playing in the record of struggle.The struggle has now started rising from the helpless pages of the private sector and its beneficiaries are also coming to the fore. Keeping the gratitude of the help of the transport sector on the palm, the government cannot claim that 'Sab healed si', but after this the sobs of the tourism industry and the business world have also started to be heard. The strike of the contractors of Himachal not only presented this class in a new context, but the wounds of development were also exposed here.Surprisingly, the elephants of development are being counted, but no one has seen the wound in the feet of the elephant. The meaning of the contractor's strike is directly related to the priorities, policy and rules of the government. In such a situation, the question is not only about the mining policy, but every policy and rule under which business is run or under which the partnership of government and private sector is decided.Whatever be the intention of the contractor strike, its indications are not correct. First of all, for every step of Himachal, every stone of development and every cooperation in progress, some contract or contractor is needed. In the height of the pace of development and goals, the biggest partnership of the state is being played by the contractors.In such a situation, the role of this class cannot be ignored for a long time. Many such impasse are being prepared or are being prepared in front of the government, the bigger question is why such a situation is happening again and again. Is there so much dust on the requests of the Secretariat that they are not being read or the departmental capacity is not enough to understand the issues.In any case, it is now for the government to prove every performance in front of the public with its qualitative effect in a few months. From government employees, bureaucracy-bureaucracy to contractors, it will be seen that who is the artisan in the construction of the state. On the other hand, as soon as the present government came, the resolutions that were taken while writing the ballads of private investment, will also have to be seen.

# Urvashi Rautela wore such a transparent shirt, everything was visible across, covered herself from the front with this jugaad



Bollywood actress Urvashi Rautela is known in the industry not only for her acting but also because of her hotness. Urvashi makes fans crazy with her bold pictures and videos. Fans also eagerly wait for these pictures of the actress. Meanwhile, Urvashi's latest photoshoot has created panic on the internet. Fans are going crazy seeing her bold look in these pictures.Urvashi Rautela is very active on social media. There is hardly a day when he does not share a post for the fans. Meanwhile, Urvashi has shared pictures of her latest photoshoot for the fans. She is looking hot in these pictures. In the pictures you can see that Urvashi is wearing a black color netted shirt. This shirt is so transparent that Urvashi's bralette is clearly visible inside it.At the same time, there is a white colored cloth in front of this shirt. He is wearing black colored pants with this shirt. On the other hand, when it comes to hair, she has a high pony. During this Urvashi is seen painting. Fans are very fond of these pictures of Urvashi. At the same time, the fans who were impressed by his hotness are constantly commenting on it and praising him.Talking about Urvashi Rautela's curved front, she will soon be seen playing the lead role in the thriller film 'Black Roses'. Apart from this, the actress will also be seen in the web series 'Inspector Avinash' with Randeep Hooda. Urvashi has so far appeared in films like 'Great Grand Masti', 'Sanam Re', 'Hate Story 4'.

# Mouni Roy showed fans the sight of her honeymoon, chanted Om on the mountains of Gulmarg



Mouni Roy has reached Kashmir for honeymoon after marrying Sooraj Nambiar in Goa. From there he has shared many beautiful pictures and videos. Mouni has posted new pictures in a yellow jacket. In these, vermilion is being liked a lot on their demand. Mouni Roy has liked Kashmir a lot. He has also written in a caption that no matter how many pictures are shared, justice will not be done to the beauty of this place. Mouni has also shared the video, with which the song 'Yeh Hasein Vaadiyan' is playing.Mouni, lost in the snowfall of Gulmarg - After the marriage of Mouni Roy, the news of their honeymoon is doing the rounds on social media. Mouni has gone to Kashmir with her husband Sooraj. He has shown the snowfall of Gulmarg to his fans. Mouni Roy is looking pretty. In her demand, vermilion is giving a new bride look. Mouni Roy loves beaches but she has gone to Kashmir for honeymoon.In a picture, Mouni is sitting with her eyes closed. Maybe chanting Om. She wrote in the caption that I am doing Om on the top of the mountain. Mouni Roy and Sooraj Nambiar got married on January 27. They are married with two rituals like Deepika-Ranveer. Both were married first in Malayali then in Bengali style. Mouni and Sooraj got acquainted at the 2019 New Year party. Both kept their love hidden for a long time.

## कांग्रेस कार्यकर्ता प्रचार में शामिल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विजय नगर कॉलोनी कुरेशियान कॉलोनी पर 104सदर एटा अंग्रेज की प्रत्याशी श्रीमती गुंजन मिश्रा जी श्री आदर्श मिश्रा जी शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक के शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास और उनकी शहर की टीम और शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि जी जिला उपाध्यक्ष ठाकुर अनुज सोलंकी जी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रजत यादव साथ शहर अल्पसंख्यक के शहर उपाध्यक्ष मुकीम अब्बास शहर महासचिव सुल्तान अली अब्बास शहर महासचिव अफजाल शहर सचिव मोहम्मद नाजिम शहर सचिव मोहम्मद आमिर मोहम्मद कफील कांग्रेस अल्पसंख्यक के सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद रिहानएसयूआई के जिला महासचिव जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद तसव्वर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रचार में शामिल रहे

## जुआ खेलते हुए 8 गिरफ्तार, 5980 रूपये व ताश पत्ता बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, अलीगंज पुलिस द्वारा आठ जुआरी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार, 5980 रूपये व ताश पत्ता बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध जुआ व सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अलीगंज पुलिस द्वारा आठ अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए 5980 रुपये? व ताश पत्ता सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। घटनाक्रमानुसार दिनाँक 08.02.2022 थाना अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 08 जुआरियों को 5980 रुपये 52 ताश पत्ता, एक अधजली मोमबत्ती व माचिस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अलीगंज पर मुअसं-31/22 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## विभागीय कार्मिकों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मिलेगी मतदान की सुविधा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विभागीय कार्मिकों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मिलेगी मतदान की सुविधा उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर संबंधित विभागों को दिए निर्देश सेण्ट पॉल्स सी0से0 स्कूल में बनाए जाएंगे विधानसभावार पोस्टल बैलेट मतदान केन्द्र चुनाव में लगे कार्मिकों को 11 फरवरी से 14 फरवरी तक द्वितीय प्रशिक्षण सेण्ट पॉल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, निधौली कलां रोड, एटा में दिया जायेगा। विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सम्पन्न कराने में लगे पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, स्वास्थ्य विभाग, एवं ड्राइवर, क्लीनर जिनका का नाम जनपद एटा की चारों विधान सभाओं की निर्वाचक नामावली में कही भी सम्मिलित है को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 में तैनात कार्मिकों को अवगत करा दें कि जो कार्मिक पोस्टल बैलेट से मतदान करने के इच्छुक हों वह 11 फरवरी से 14 फरवरी तक प्रातः 10 से सांय 05 बजे के मध्य सेण्ट पॉल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, निधौली कलां रोड एटा में विधान सभावार बने पोस्टल बैलेट मतदान केन्द्र में मतदान कर सकते हैं।

www.knlslive.com

## जल्लाद झोलाछाप ने महिला के अंदरूनी अंग किये भंग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जल्लाद झोलाछाप ने महिला के अंदरूनी अंग किये भंग, पीड़िता पहुची पुलिस मुखिया के दरबार पीड़िता के पति का आरोप आशा ने पहुचाया फर्जी क्लिनिक और झोलाछाप ने किये अंग भंग। एटा शहर के शिकोहाबाद रोड हाजीपुरा स्थित मीना देवी नर्सिंग होम पर पीड़िता के जीवन से हुआ खिलबाड़ पीड़िता व उसके पति ने आशा और फर्जी क्लिनिक मीना देवी नर्सिंग होम संचालिका व स्टाफ पर लगाए गंभीर आरोप। पीड़िता बोली पेट दर्द के उपचार के बदले किया ऐसा अजीब उपचार, अब जीने को नहीं करता मन पीड़िता पति के साथ पहुंची जनपद पुलिस मुखिया के दरबार में लगाई न्याय की गुहार। धिकारी ने मामले को लिया संज्ञान जाँच कार्यवाई के दिये आदेश

## भाजपा विधायक और प्रत्याशी का ग्रामीणों ने फूंका पुतला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा की मारहरा से भाजपा विधायक और प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी का ग्रामीणों ने फूंका पुतला। नारेबाजी करते हुए विधायक का पुतला फूंका। गांव में विकास कार्य न होने से आक्रोषित हुए ग्रामीण। बीते माह पूर्व मिरहची में हुई इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले को भी लेकर आक्रोषित दिखे लोग। बीजेपी से बैर नहीं, वीरेंद्र सिंह को वोट नहीं - आक्रोषित ग्रामीण मारहरा विधानसभा क्षेत्र के गांव कुठिला लायकपुर का मामला

## एएमयू पहुंची हिजाब विवाद की गूंज छात्राओं ने नारेबाजी कर बनाई रणनीति

अलीगढ-कर्नाटक के हिजाब प्रकरण की गूंज अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय तक पहुंच गई है। बुधवार को विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने डक प्वाइंट पर इकट्ठा हाकर विवाद के विरोध में नारेबाजी की। इंतजामिया की ओर से अनुमति न मिलने पर छात्र-छात्राओं ने रणनीति बनाते हुए तय किया कि शुक्रवार को बडा मार्च निकाला जाएगा। इसके लिए अनुमति मिले अथवा न मिले। कर्नाटक का हिजाब मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चुनावी माहौल के बीच यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कर्नाटक के उडुपी के सरकारी कॉलेज में हिजाब पर पाबंदी के खिलाफ अब अलीगढ में भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। अभी तक सोशल मीडिया के जरिए विरोध जताया जा रहा था, लेकिन अब छात्राएं सडकों पर आ गई है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बुधवार की दोपहर छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में कैंपस के डक प्वाइंट पर इकट्ठा हुए। छात्र-छात्राएं हिजाब को लेकर पनपे विवाद के खिलाफ मार्च निकालने की तैयारी में थे। लेकिन इंतजामिया की अनुमति न मिलने के चलते मार्च विद्यार्थियों की ओर से नहीं निकाला गया। डक प्वाइंट पर विद्यार्थियों की बड़ी संख्या देखकर इंतजामिया के हाथ पांव फूल गये। इंतजामिया की टीम ने विद्यार्थियों को समझाया और कहा कि गुरूवार को चुनाव है। चुनाव के बाद अनुमति पर विचार किया जाएगा। उसके बाद छात्र-छात्राएं शांत हुए और डक प्वाइंट पर ही विवाद के विरोध में नारेबाजी की। साथ ही आगे की रणनीति बनायी। जिसमें तय किया गया कि अब शुक्रवार को बडी संख्या में शामिल होकर बडा मार्च निकाला जाएगा। विद्यार्थियो की ओर से यह भी कहा गया कि इसके लिए अनुमति मिले अथवा न मिले, विरोध जरुर जताया जाएगा।

## आओ राजनीति करें: अलीगढ़वासियों ने ठानी, तोड़ेंगे मतदान प्रतिशत का रिकार्ड




अलीगढ-आओ राजनीति करें अलीगढ़वासियों ने ठानी, तोड़ेंगे मतदान प्रतिशत का रिकार्ड लोकतंत्र के महावर्प का हिस्सा बनकर देंगे मतदान की आहुति -2017 में 60 प्रतिशत से ऊपर गया था मतदान प्रतिशत का ग्राफ अलीगढ़। लोकतंत्र के महापर्व यानि विधानसभा चुनाव में अपना योगदान के लिए अलीगढ़वासी तैयार हैं। हिन्दुस्तान के अभियान आओ राजनीति करें से जुड़कर मतदाताओं ने ठाना है कि स्वच्छ व स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पुराने मतदान प्रतिशत का रिकार्ड तोड़ना है कोरोना की तमाम लहरों का मुकाबला करते हुए वोट की चोट देने के लिए मतदाता पूरी तरह से तैयार हैं। आजादी के बाद पहली बार तमाम प्रतिबंधों के साथ यह चुनाव हो रहे हैं। बूथ पर मतदाता दो गज की दूरी के साथ पंक्तिबद्ध खड़े होंगे। चुनाव से पूर्व हिन्दुस्तान द्वारा चलाए गए आओ राजनीति करें अभियान से जुड़कर लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली थी। अब उस शपथ को पूरा करने का समय आ गया है। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव की बात करें तो अलीगढ़ जनपद में 60 प्रतिशत से ऊपर मतदान का प्रतिशत रहा था।

### 2017 में चुनाव प्रतिशत पर एक नजर

- सीट मतदान प्रतिशत
- खैर 61.81
- बरौली 65.90
- अतरौली 60.80
- छर्रा 63.54
- कोल 62.96
- शहर 66.47
- इगलास 64.96

### आजादी के बाद प्रथम चुनाव में हुई थी वोटों की बारिश, 98 प्रतिशत पड़े थे वोट

अगर बात करें आजादी के बाद 1951 में हुए प्रथम विधानसभा चुनाव की तो मतदाताओं में वोट की चोट करने में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला था। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अलीगढ़ में शामिल हाथरस विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 98.61 प्रतिशत वोट पड़े थे। यह रिकार्ड आज तक नहीं टूट सका है। प्रथम विधानसभा चुनाव में अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर भी 90 प्रतिशत से ऊपर वोटरों ने वोट की चोट की थी। 1957 में हुए दूसरे विधानसभा चुनाव में भी वोटरों में उत्साह कायम रहा था। 1993 में रामलहर में हुए विधानसभा चुनाव में भी खूब वोटों की बरसात हुई थी। इस चुनाव में सभी सीटों पर 50 प्रतिशत से ऊपर ही मतदान हुआ था।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## निधौलीनकला मतदाता की चुप्पी कोई नया गुल खिला सकतीं है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-रामनरेश यादव और मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाने मे अहम भूमिका निभाने बाला निधौलीनकला आज प्रत्याशियों के आचार विचार का आकलन करने मे जुटा है कि आम जनता का हितेषी कौन हो सकता है, कहने को तो मुख्य पार्टी समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं मे बहुत ही जोश है, लेकिन मतदाताओं की खामोशी चुनावी गणित बिगाडने को आतुर दिखाई दे रही है कुल मिलाकर यह कहा जाये कि मतदाताओं की चुप्पी कोई नया गुल खिला सकतीं है तो अतिशयोक्ति नहीं होगा

## भाजपा विधायक के सामने ही भिड़े दो पक्ष, मारपीट के बाद थाने पहुंचा मामला



यूपी के बांदा में भाजपा सदर विधायक और इस बार भी बतौर प्रत्याशी मैदान में उतरे प्रकाश द्विवेदी के सामने ही दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। गैर राजनीतिक संगठन साहू समाज की बैठक के दौरान ही प्रकाश द्विवेदी अपने लिए वोट मांगने पहुंचे थे। इसी दौरान साहू समाज के लोग दो फाड़ हो गए और देखते ही देखते भिड़ंत हो गई। एक पक्ष ने प्रत्याशी और उनके समर्थकों पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। संगठन के दूसरे पक्ष ने अपने पदाधिकारी के लिखित बयान को ही झुठला दिया। कहा कि नितांत भ्रामक सूचना फैलाई जा रही है। बलंखडीनाका स्थित एक होटल में मंगलवार को उप्र साहू राठौर चेतना महासभा के पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक रही। इसी दौरान सदर से विधायक प्रकाश द्विवेदी पहुंच गए। यहां विधायक का सम्मान भी हुआ। इसी सम्मान के दौरान नोकझोंक होने लगी। महासभा के रामशरण साहू, लवलेश साहू, राकेश साहू, रोहित साहू, दिलीप साहू सहित अनेक पदाधिकारियों ने लिखित बयान जारी कर आरोप लगाया कि प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने कार्यक्रम के दौरान अभद्रता, गालीगलौज और जान से मारने की धमकी दी। बकायदा इसकी तहरीर शहर कोतवाली में भी दी। शाम को महासभा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने प्रेसनोट जारी किया। बताया कि बैठक के संबंध में तथ्यों को तोड़मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है, जोकि नितांत भ्रामक और तथ्यहीन है। उन्होंने जिला महासचिव के आरोपों को सिरे से खारिज किया। कहा कि कुछ विरोधियों ने बैठक के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की थी। प्रत्याशी की ओर से कोई गलत बर्ताव नहीं किया गया है। मामले शहर कोतवाल राजेंद्र सिंह रजावत ने बताया कि महासभा के जिला महासचिव की ओर तहरीर मिली है। जिलाध्यक्ष का भी पत्र मिला है। दोनों पक्षों की बात सुनने के साथ होटल के सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। जांच-पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल रहा।

## अकेले में बताऊंगा कितने करोड़ में बेचा विधानसभा का टिकट, अभी गिन भी नहीं पाया हूं BJP सांसद का वीडियो वायरल



यूपी के रण में दांव आजमाने आए प्रत्याशियों की जुबानी जंग जारी है। सत्ता हो या विपक्ष सभी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। सियासी जंग में कई बार इन प्रत्याशियों की जुबान भी फिसलती नजर आई। कोई बेतुके बयान दे बैठा तो किसी की बयानबाजी पर सियासत शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ओर वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें भाजपा सांसद निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा लगाए गए आरोपों का एक जनसभा में जवाब देते नजर आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा सांसद जनसभा को संबोधित ही कर रहे थे कि उनका किसी ने वीडियो बनाया और वायरल कर दिया, हालांकि वीडियो में किसी तरह की कोई आपत्तिजनक बातें नहीं बोली गई हैं। मामला सीतापुर जिले का है। यहां से भाजपा ने राकेश राठौर गुरुजी को अपना उम्मीदवार बनाया है। राकेश राठौर गुरुजी का टिकट फाइनल होने के बाद से ही बागी निर्दलीय प्रत्याशी साकेत मिश्रा कई तरह के आरोप लगा रहे थे। उन्होंने सांसद राकेश वर्मा पर भी कई तरह के आरोप लगाए थे। निर्दलीय प्रत्याशी ने पैसे लेकर टिकट देने का आरोप लगाया था। इसके बाद सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने साकेत मिश्रा द्वारा लगाए गए आरोप का जवाब दिया। सांसद ने भाजपा की एक जनसभा के दौरान कहा, आप हमारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं कि हमने कितने करोड़ रुपये लेकर टिकट बंटवारे का काम किया है। आप बुद्धिजीवी लोग हैं, कभी अकेले में बताऊंगा कि मैंने कितने करोड़ रुपया लिया, अभी तो गिन भी नहीं पा रहा हूं। सांसद राजेश वर्मा की यह बात किसी ने कैमरे में कैद कर ली और उसे वायरल कर दिया। राकेश गुरु को टिकट कैसे मिला, इसको लेकर भी सांसद ने वीडियो में सफाई देते दिख रहे हैं। उन्होंने बताया, राकेश गुरु का टिकट केन्द्रीय नेतृत्व में फाइनल किया गया है। वह बोले, आज आपके बीच बता रहा हूं और बताना चाहता हूं कि संभावित रूप से 16 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी जी का कार्यक्रम लगने वाला है। आप सबके आशीर्वाद से मैंने संगठन में सीतापुर का नाम इतना कर दिया है कि जब भी प्रधानमंत्री का कोई कार्यक्रम लगता है तो वह सीतापुर को छोड़ नहीं पाते हैं। उन्होंने आगे कहा, केन्द्रीय नेतृत्व अगर कोई निर्णय ले ले और किसी को समझ में ना आए तो भगवान उसकी रक्षा करें। पार्टी घर-घर बताने नहीं जाएगी। पार्टी के पास से एक कार्यकर्ता जाता है 40 तैयार होते हैं।

## यूपी विधानसभा चुनाव: पहली बार चुनाव में रिकार्ड कैश सीज, यूपी में अब तक 44 करोड़ पकड़े



एक तरफ विधानसभा चुनाव में कालेधन की धरपकड़ को सड़क से लेकर आसमान तक की निगरानी की जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ कैश का फ्लो कम होने के बजाय अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। पहली बार चुनाव के दौरान यूपी से जितना कैश सीज किया गया है, उतना पहले कभी किसी भी चुनाव में नहीं पकड़ा गया। यूपी के विधानसभा चुनाव में इस बार अभी तक 44 करोड़ रुपए सीज किए जा चुके हैं। ये हाल तब है जब पहले चरण का मतदान भी नहीं हुआ है। कैश सीज मामले में भी कानपुर यूपी में नंबर वन है। आयकर विभाग और पुलिस के अभियान को इस बार जबर्दस्त सफलता मिली है। आयकर सूत्रों के मुताबिक चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति ने पहली बार कैश के आवागमन पर जमकर सेंध लगाई है। दस फरवरी गुरुवार को पहले चरण का मतदान है लेकिन इससे पहले ही यूपी से 44 करोड़ रुपए सड़क, बस, बाइक, कार, जहाज से पकड़े जा चुके हैं।

### दो साल पहले सीज हुए थे 11 करोड़, दो साल में चार गुना

चुनाव में कैश के इस्तेमाल की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान 11 करोड़ रुपए सीज किए गए थे, जो इस बार विधानसभा चुनाव में 44 करोड़ हो चुके हैं। जबकि एक महीने का मुख्य चुनाव बाकी है। साफ है कि लाख कोशिशों के बावजूद चुनाव में पानी की तरह पैसा बह रहा है। इसी का नतीजा है कि आचार संहिता लागू होने के एक महीने के अंदर पिछले चुनाव की तुलना में चार गुना कैश पकड़ा जा चुका है।

### कैश की धरपकड़ में कानपुर नंबर वन

कैश सीज करने के मामले में भी कानपुर नंबर एक है। यहां से अभी तक 14 करोड़ रुपए सीज किए जा चुके हैं। दूसरे नंबर पर नोएडा है, जहां से 13 करोड़ रुपए पकड़े गए हैं। तीसरे नंबर पर लखनऊ है, जहां से अभी तक 10 करोड़ रुपए सीज हो चुके हैं। शेष सात करोड़ रुपए अन्य जिलों से जांच के दौरान जब्त किए गए हैं। इस सफलता की मुख्य वजह मुखबिरों की हाइटेक टीम भी है। विभाग ने पिछले कुछ समय में सटीक सूचना का तंत्र विकसित किया है। इसमें जल्द मिलने वाली ईनामी राशि की भी अहम भूमिका है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मतदान कार्मिकों को दी जाएगी मेडीकल किट

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - कोरोना संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए मतदान के रोज मतदाताओं को इस बार दस्ताने (ग्लब्स) पहन कर ईवीएम का बटन दबाना होगा। इसके लिए बूथ पर दस्ताने उपलब्ध कराए जाएंगे। बिना मास्क के आने वालों को मास्क भी दिए जाएंगे। प्रत्येक वोटर का मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अनिवार्य रूप से थर्मल स्क्रीनिंग होगी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन की तरफ से हर स्तर से तैयारी की जा रही है। जिले में बूथों पर वोटिंग कराने के लिए लगाए गए मतदान कार्मिकों को मेडिकल किट के साथ भेजा जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो हजार के करीब किट तैयार करने की योजना बनायी गई है। ताकि मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी व अन्य मतदान कार्मिक स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्या होने पर उस दवा का प्रयोग कर सकें। यह किट निर्वाचन तिथि से एक दिन पूर्व मतदान कार्मिकों में वितरित की जाएगी। आयोग ने इसके लिए गाइडलाइन भी जारी की है। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिले में विधानसभा का चुनाव 14 फरवरी 2022 को होना है। इस दौरान पीठासीन अधिकारी और चुनाव कर्मियों की सेहत का भी ख्याल रखा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल किट तैयार की जा रही है, जिसमें विभिन्न प्रकार की दवाएं व च्यवनप्राश सहित अन्य बूस्टिंग किट उपलब्ध है। वहीं कोविड-19 के दृष्टिगत अलग से व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बूथों पर हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। वहीं मास्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स आदि का इंतजाम किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिए जाने वाले दवा के किट पर कोविड कमांड कंट्रोल रूम के नंबर भी लिखवाए जाएंगे। ताकि कोई भी समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन से संपर्क किया जा सके। यही नहीं मेडिकल किट में दवा खाने की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। ताकि सेहत खराब होने पर प्रारम्भिक इलाज किया जा सके और मतदान के दौरान कार्मिकों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत न होने पाए।

# पहले चरण की वोटिंग कल: पश्चिम और बृज के नौ जिलों की 58 सीटों पर 800 कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात

उत्तर प्रदेश प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य के 11 जिलों की 58 सीटों पर गुरुवार को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। शाम छह बजे के बाद भी जो लोग मतदान केन्द्रों में लाइन में लगे होंगे, उन्हें वोट डालने का अधिकार होगा। यह जानकारी बुधवार की शाम को यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने प्रेसवार्ता में दी। आयोग ने सुरक्षा बंदोबस्त करने के लिए 800 कम्पनी केन्द्रीय सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। वर्ष 2017 में इन सीटों पर 64.2 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरी ओर एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि सुरक्षा बनाए रखने के लिए 800 कंपनी अर्द्धसैनिक बलों में से बूथ ड्यूटी के लिए 724 कंपनी, स्ट्रांग रूम ड्यूटी के लिए 15 कंपनी, ईवीएम सुरक्षा के लिए 5 कंपनी, थानों पर क्यूआरटी के लिए 26.78 कंपनी, अन्तर्राज्यीय बैरियर ड्यूटी के लिए 20.5 कम्पनी, कानून-व्यवस्था ड्यूटी के लिए 66 कंपनी, 9.67 कंपनी उड़नदस्तों के साथ, 9.67 कम्पनी स्टैटिक स्क्वायड टीम के साथ लगायी गयी हैं। 9464 दरोगा,



59030 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तैनात रहेंगे। इनके साथ 27 कम्पनी पीएसी, 48, 136 होमगार्ड, 505 पीआरडी जवान और 6061 चौकीदारों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ताया कि केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप सभी मतदाताओं को वितरित कराई गई हैं, जिसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। इसके अलावा मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप, चुनाव आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने पोलिंग बूथ की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**हेल्प डेस्क पर मौजूद रहेंगे बीएलओ**

मतदान की अवधि में सभी बीएलओ को निर्देश हैं कि वे मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिलों में व्हील चेयर एवं जगह-जगह पर वॉलंटियर की व्यवस्था की गई है, जो कि दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव में सभी 26027 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई है एवं सभी जिलों में तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था की गई है, जिससे कि ईवीएम अथवा वीवीपैट में किसी समस्या के स्थिति में तत्काल उसका निराकरण कराया जा सके। 11 जिले -शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा तथा आगरा जनपद में अवस्थित हैं। जिन 58 सीटों पर मतदान होना है, वह हैं-कैराना, थाना भवन, शामली, बुढ़ाना, चर्थावल, पुरकाजी सु., मुजफ्फरनगर, खतौली, मीरापुर, सीवालखास, सरधना, हस्तिनापुर सु., किठोर, मेरठ कैण्ट, मेरठ दक्षिण, छपरौली, बड़ौत, बागपत, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर, धौलाना, हापुड़ सु., गढ़मुक्तेश्वर, नोएडा, दादरी, जेवर, सिकन्दराबाद, बुलंदशहर, स्याना, अनूपशहर, डिबाई, शिकारपुर, खुर्जा सु., खैर सु., बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़, इग्लास सु., छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा, बलदेव सु., एत्मादपुर, आगरा कैण्ट सु., आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा ग्रामीण सु., फतेहपुर सीकरी, खैरागढ़, फतेहाबाद और बाह।

**मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र होंगे मान्य**

केन्द्रीय चुनाव आयोग के अनुसार मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र (यथा- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों / डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र और सांसदों / विधायकों / विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, तदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान किये जानेके लिए मान्य होंगे।

# मतदेय स्थल के लिए भवन अधिग्रहणित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने आदेश जारी करते हुए अवगत कराया है कि लोक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-160 के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 से संबंधित जनपद में अवस्थित समस्त 2734 मतदेय स्थल भवनों (ऐसे भवन जो कि मतदेय स्थल के रूप में चिन्हित है) का अधिग्रहण दिनांक 14-02-2022 को होने वाले मतदान हेतु दिनांक 12-02-2022 से 14-02-2022 तक 03 दिन की अवधि के लिये अधिग्रहीत किया गया है। स्थलों से संबंधित विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि उक्त अवधि में मतदेय स्थलों के चिन्हित किये गये कक्ष/भवनों को खाली दशा में मतदेय स्थल बनाये जाने हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# 12 मार्च होगा लोक अदालत का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ0एस0 फौजदार ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वारा दिनांक 12.03.2022 को जनपद-बदायूँ में समय पूर्वान्ह् 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में फौजदारी, दीवानी, श्रम अधिनियम, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका अधिनियम, राजस्व वाद, स्टाम्प वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों, वैवाहिक वादों, भरण-पोशण वादों, चकबन्दी वादों, एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित वादों, मोटर वाहन एक्ट वादों, उपभोक्ता फोरम आदि अन्य प्रकार के वादों को पारस्परिक समझौते के आधार पर निस्तारित किया जायेगा तथा बैंक लोन एवं दूरसंचार विभाग, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका से सम्बन्धित एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन विवादों का निस्तारण भी अधिकाधिक संख्या में किया जायेगा। कोविड-19 से सम्बन्धित उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए, उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवा सकते हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन मतदाताओं ने डाले वोट

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन मतदाताओं द्वारा उनके घर पर ही पोस्टल बैलेट से टीमों द्वारा मतदान कराया गया है। अब तक विधानसभा 112 बिसौली में 110, विधानसभा 113 सहसवान में 91, विधानसभा 114 बिल्सी में 51, विधानसभा 115 बदायूँ में 59, विधानसभा 116 शेखूपुर में 27, एवं विधानसभा 117 दातागंज में 72 कुल 410 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। टीम ने घर जाकर 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन मतदाताओं के घर पर आकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया।

www.knlslive.com

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती के इकौना तहसील के अधिवक्ता संघ सभागार में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिस के मुख्य अतिथि न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार प्रेम कुमार राय रहे। मतदान में निर्वाचित पदाधिकारियों का इकौना तहसील में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया इसी के साथ विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा व शंकर दयाल पांडे ,नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता रहे नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडे एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई इसी के साथ सद्भावना समिति के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री व पदाधिकारियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज के बुद्धिजीवी वर्ग में आते हैं जो अधिवक्ता ही वादकारियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उनकी बात को न्यायालय तक पहुंचाने में हमेशा सक्षम रहते हैं। इसी के साथ न्याय अधिकारी ने सम्मानित अध्यक्ष महामंत्री व पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बताया कि इससे पहले की कार्यकारिणी के सदस्य थे उन्होंने विशेष सहयोग दिया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री भी आगे सहयोग देते रहेंगे और उनका भी हम किसी प्रकार से अहित नहीं होने देंगे हमेशा तत्पर रहेंगे और वाद कार्यों की पूरे तन्मयता के साथ न्याय देने का प्रयास करते रहेंगे प्रेम कुमार राय सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं का भी हार्दिक स्वागत करते हुए सत्य निष्ठा ईमानदारी के साथ न्याय करते रहेंगे। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा,शंकर दयाल पांडे ,योगेंद्र मणि त्रिपाठी ,न्याय अधिकारी बृजेंद्र कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार प्रेम कुमार राय नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडे एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव अधिवक्ता संघ के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ,श्रवण कुमार द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष अरुणेंद्र कांत सिंह, उदय राज त्रिपाठी हुकुमचंद त्रिपाठी ,राम कुमार शुक्ला ,हसमत हुसैन खान ,सुधीर कुमार शुक्ला, पंकज कुमार सैनी ,रामकुमार यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

www.knlslive.com

## 68 हजार नव चयनित शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर छात्रों में आक्रोश



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रामपुर- उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में छात्राओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है उनका कहना है कि 68000 अभ्यर्थियों की चयन लिस्ट दे दी गई है लेकिन अभी तक हम लोगों को नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि 6 जनवरी तक आप को नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी लेकिन आला अधिकारियों की ओर से काफी लापरवाही देखने को मिल रही है इस दौरान रामपुर जिले के राठोडा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को छात्राओं ने एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि तत्काल प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लें इसी के साथ अंजली मौर्य ने बात करते हुए कहां हम लोग पिछले 2 साल से काफी परेशान हैं जिससे हमारा मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता है उन्होंने कहा कई जगह हम लोगों ने धरना प्रदर्शन किए हैं लेकिन अभी तक इस मामले को प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया है और हम लोगों पर बेवजह लाठीचार्ज किया है इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए अंजलि मौर्य ने बताया अब तक हम चुनाव में हर बार बीजेपी को सपोर्ट करते आए हैं लेकिन शिक्षक भर्ती को लेकर इसी हफ्ते में फैसला नहीं हुआ तो मजबूरन अन्य पार्टी का हम लोगों को सहयोग करना पड़ेगा

## एक माह पूर्व हुई भाई की मौत में हत्या की रिपोर्ट न लिखे जाने से परेशान परिजनों ने आत्मदाह करने की दी चेतावनी




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत खुटला मुहल्ले के रहने वाले सोनू का शव लगभग एक माह पूर्व के नदी पुल के नीचे पड़ा होने की सूचना पर पहुंचे परिजन वा पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव की शिनाख्त करा कर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया था। मौके पर पहुंचे पिता वा परिजनों ने घटना के पहले कुछ मोहल्ले वासियों से झगड़ा होनी की बात कही गई ।आज लगभग एक माह बीत जाने के बाद पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच मृतक के परिजनों ने न्याय किए जाने की मांग की। न्याय न मिलने पर परिवार सहित आत्म दाह करने की चेतावनी दी।

## कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के रूप में वसीउल्लाह चौधरी नामित

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने जिला कांग्रेस कमेटी श्रावस्ती व ब्लाक अध्यक्ष तथा नगर अध्यक्ष इकौना भिनगा की सूची शनिवार को जारी की है। इसमें कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के रूप में वसीउल्लाह चौधरी नामित किया गया है तथा जिलाध्यक्ष के साथ ही कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी बृज किशोर शुक्ला को दी गई है। विजय प्रताप सिंह, विद्या मणि त्रिपाठी, नीलम तिवारी, डाक्टर नियामतउल्ला, मोहम्मद असलम को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह से पंकज श्रीवास्तव को महासचिव के रूप में चयन किया गया है। अब्दुल कलाम, अनवर खां, आशीष मिश्रा, मोहम्मद असलम खान, उदयराज राव चंदेल, शिव देवी भारती, पंकज पाठक, वंदना शर्मा को भी महासचिव की जिम्मेदारी दी गईहै। सचिव के रूप में रहीम खां का चयन हुआ है। इसी तरह से अभिषेक मिश्रा, शैलेश कुमार मिश्रा, नज्जन खां, तौफीक अहमद, बच्चन सिंह, बदलूराम पांडेय, अब्दुल हमीद खां, कमलेश कुमार वर्मा, मुजीबुर्रहमान, आमीन अली, राजन शर्मा को जिला कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया गया है। इसी क्रम में सिरसिया ब्लाक अध्यक्ष यशोदा नंद शर्मा, जमुनहा ब्लाक राकेश तिवारी, हरिहरपुररानी ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप, गिलौला ब्लाक राजेंद्र तिवारी व इकौना ब्लाक तपसी तिवारी को बनाया गया है। इकौना नगर अध्यक्ष के रूप में शशि कांत सोनी, नगर पालिका भिनगा में नगर अध्यक्ष साहबे आलम को नामित किया गया है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## कैंसर की बीमारी से ग्रस्त बेटे के इलाज कराने के लिए जिला अधिकारी बांदा से फरियाद करती दुखियारी मां

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत ईदगाह रोड कुशवाहा नगर पोडा बाग की रहने वाली बानो पत्नी नजीर अहमद ने आज जिला अधिकारी बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बेटे की कैंसर ग्रस्त बीमारी का हवाला देते हुए उसके इलाज कराने के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की ।



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527